दिन–सोमचार दिनांक– 03 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव की मतगणना कल होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य की चालीस सीटों के लिए सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जायेगी। कल ही भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव की भी मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि अरवल, शिवहर, सहरसा, शेखपुरा और लखीसराय को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों में मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना केन्द्रों पर विधानसभा स्तर पर टेबल की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए चौदह–चौदह टेबल होंगे। पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक प्रत्येक राउंड की गिनती में रैंडम तरीके से दो ईवीएम को चुनकर उसकी मतगणना अलग से कराकर प्रतिवेदन प्राप्त करेंगे। पूरी प्रक्रिया की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सभी मतगणना केन्द्रों पर तीन स्तरों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। केन्द्रों के बाहर केन्द्रीय पुलिस बल और बिहार पुलिस के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। काउंटिंग सेंटर के आस–पास दो सौ मीटर के दायरे में धारा एक सौ चौवालीस प्रभावी कर दी गई है। लोगों के आने पर रोक रहेगी। इसके साथ ही किसी भी उम्मीदवार को विजय जुलूस निकालने के लिए पूर्व में ही अनुमति लेनी होगी। सभी केंद्रों पर मीडिया की सुविधा के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है, जहां उन्हें नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। मतगणना के रूझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट रिजल्ट डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर उपलब्ध रहेंगे।

————————————————————

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में चौंसठ करोड से अधिक मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। श्री कुमार आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह

संख्या सभी जी7 देशों– अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ गुना है। श्री कुमार ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इकतीस करोड से अधिक महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने यह भी कहा कि दो हजार उन्नीस के आम चुनाव में पांच सौ चालीस पुनर्मतदान हुए थे लेकिन इसबार केवल उनतालीस पुनर्मतदान हुए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि दो हजार उन्नीस में तीन हजार पाँच सौ करोड़ रुपये की तुलना में दस हजार करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जिसमें नकदी, मुफ्त, ड्रग्स और शराब शामिल हैं। इस आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की चार सौ पंचानवे शिकायतों में से नब्बे प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मजबूत मतगणना प्रक्रिया से संबंधित विवरणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतगणना केंद्रों पर केंद्रीय पुलिस बलों की तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई है। प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो पर्यवेक्षकों के साथ–साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कवरेज की जाएगी।

———————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव के परिणाम और अगामी सरकार को लेकर चर्चा हुई। श्री कुमार का भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————

हवा के रूख में बदलाव होने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है। इधर, आज चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापामान के साथ नवादा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। विभाग ने आज अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———————————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोखुलपुर गांव में अपराधियों ने एक निजी फाईनांस कंपनी से हथियार के बल पर चौदह लाख रूपये लूट लिये। बिहटा के डीएसपी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि छह की संख्या में आये अपराधियों ने सभी कर्मचारियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

समाप्त